www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Maa Kamla Digital Center |
| Test Date | 09/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** यदि माता की वर्तमान आयु का 3 गुना उसकी पुत्री की आयु के 5 गुने से 36 वर्ष अधिक है, और पुत्री की आयु का 3 गुना माता की आयु से 4 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की वर्तमान आयु के बीच अंतर (वर्ष में) कितना है?

Ans
✗ 1. 20
✗ 2. 18
✗ 3. 13
✓ 4. 16

**Q.2** गुप्त अभिलेखों में वर्णित 'तिरभुक्ति' वर्तमान ______ के अनुरूप है।

Ans
✗ 1. मध्य प्रदेश
✗ 2. ओडिशा
✓ 3. बिहार
✗ 4. बंगाल

**Q.3** $81 + \frac{76}{2} + 42 - 86$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
✗ 1. 72
✗ 2. 85
✓ 3. 75
✗ 4. 81

**Q.4** निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में स्वर संगीत (vocal music) का उपयोग नहीं किया जाता है?

Ans
✗ 1. ओडिसी
✓ 2. छऊ
✗ 3. भरतनाट्यम
✗ 4. कथक

**Q.5** विजय का वेतन पहले 16% घटाया गया और बाद में 11% बढ़ा दिया गया। उसका अंतिम वेतन उसके आरंभिक वेतन की तुलना में कितने प्रतिशत कम था?

Ans
✓ 1. 6.76%
✗ 2. 16%
✗ 3. 11%
✗ 4. 1.76%

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.6 अरुणाचल प्रदेश के पूर्व में कौन-सा देश स्थित है?

Ans
✗ 1. भूटान
✗ 2. चीन
✗ 3. बांग्लादेश
✓ 4. म्यांमार

Q.7 नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण - 5 (2019-21) के अनुसार भारत में कुल प्रजनन दर (TFR) कितनी थी?

Ans
✓ 1. 2.0
✗ 2. 2.1
✗ 3. 2.2
✗ 4. 2.3

Q.8 भोलानाथ सिंह निम्नलिखित में से किस विद्रोह/आंदोलन के लीडर थे?

Ans
✗ 1. फ़राज़ी आंदोलन
✓ 2. तमार विद्रोह
✗ 3. वहाबी आंदोलन
✗ 4. संथाल विद्रोह

Q.9 कपिल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 1 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A तक पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए (जब तक कि निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)?

Ans
✓ 1. 12 km, दक्षिण
✗ 2. 11 km, उत्तर
✗ 3. 12 km, उत्तर
✗ 4. 10 km, दक्षिण

Q.10 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FUSE' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SING' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✓ 1. 5
✗ 2. 2
✗ 3. 8
✗ 4. 1

Q.11 दीपेश के पास 168 लीटर तेल A और 234 लीटर तेल B है। वह कई समान कंटेनरों को दोनों प्रकार के तेल से इस प्रकार भरता है कि प्रत्येक कंटेनर में केवल एक प्रकार का तेल होता है, और सभी कंटेनर पूरी तरह से भरे होते हैं। दीपेश द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कंटेनर का अधिकतम आयतन (लीटर में) कितना हो सकता है, जिससे कि दीपेश के पास मौजूद दोनों प्रकार के तेल को इन कंटेनरों में भरा जा सके?

Ans
✗ 1. 14
✗ 2. 10
✗ 3. 5
✓ 4. 6

Q.12 भारत में, कौन-सा भूभाग गैर-जलोढ़ परिक्षेत्र के कारण नलकूप सिंचाई के लिए उपयुक्त नहीं है?

Ans
✗ 1. पंजाब
✓ 2. पठारी क्षेत्र
✗ 3. पश्चिमी उत्तर प्रदेश
✗ 4. तटीय मैदान

www.govtjobsalert.in

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

www.govtjobsalert.in

NQ31, MP40, LO49, KN58, ?

Ans
1. JM66
2. JM67
3. JN67
4. JN66

Q.14 मानक CD-ROM ड्राइव में उपयोग किए जाने वाले लेजर की तरंगदैर्घ्य और प्रकार क्या हैं?

Ans
1. 780 nm; इंफ्रारेड लेजर
2. 400 nm; ब्लू लेजर
3. 650 nm; रेड लेजर
4. 850 nm; नियर-इंफ्रारेड लेजर

Q.15 एशिया और प्रशांत क्षेत्र में ग्रामीण विकास के लिए, ग्रामीण विकास मंत्रालय निम्न में से किस संगठन के साथ मिल कर कार्य करता है?

Ans
1. एशियाई विकास बैंक (ADB)
2. अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (AARDO)
3. विश्व बैंक
4. एशिया और प्रशांत के लिए एकीकृत ग्रामीण विकास केंद्र (CIRDAP)

Q.16 दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

29 33 41 53 ? 89 113

Ans
1. 69
2. 79
3. 63
4. 71

Q.17 यदि संख्या 8271634 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. एक
2. तीन
3. एक भी नहीं
4. दो

Q.18 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 535 647 232 804 152 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 2
2. 1
3. 5
4. 3

www.govtjobsalert.in

Q.19 $5m^2 + 18m + 16 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. $\frac{8}{5}$ और $2$
✗ 2. $-\frac{8}{5}$ और $4$
✗ 3. $\frac{8}{5}$ और $-4$
✓ 4. $-\frac{8}{5}$ और $-2$

Q.20 नवंबर 2024 में, भारत और सिंगापुर ने 'अग्नि वारियर 2024' नामक एक संयुक्त सैन्य अभ्यास किया। यह अभ्यास कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
✗ 1. जैसलमेर, राजस्थान
✗ 2. बबीना, उत्तर प्रदेश
✗ 3. पुलगांव, महाराष्ट्र
✓ 4. देवलाली, महाराष्ट्र

Q.21 $CO_2$ के 2 मोल में कितने अणु मौजूद होते हैं?

Ans
✓ 1. $1.2044 \times 10^{24}$
✗ 2. $12.044 \times 10^{23}$
✗ 3. $3.011 \times 10^{23}$
✗ 4. $6.022 \times 10^{23}$

Q.22 माना जाता है कि अंग्रेजों के खिलाफ पहला सशस्त्र आदिवासी विद्रोह ______ में हुआ था।

Ans
✗ 1. 1800
✗ 2. 1768
✓ 3. 1784
✗ 4. 1795

Q.23 दो समरूप त्रिभुजों की दो संगत भुजाओं की लंबाइयों का अनुपात 15 : 14 है। इन दोनों त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात (उल्लिखित क्रम में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 225 : 196
✗ 2. 226 : 197
✗ 3. 15 : 14
✗ 4. $15\sqrt{15}$ : 14

Q.24 अपने एक प्रसिद्ध कार्य में, याह्या बिन अहमद सरहिंदी (Yahya bin Ahmad Sirhindi) ने दावा किया है कि _____ के संस्थापक पैगंबर के वंशज थे।

Ans
✗ 1. तुगलक राजवंश
✓ 2. सैय्यद राजवंश
✗ 3. गुरीद राजवंश
✗ 4. गज़नवी राजवंश

Q.25 71वें संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा आठवीं अनुसूची में कौन-सी भाषाएँ जोड़ी गईं?

Ans
✓ 1. कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली
✗ 2. बोडो, संथाली और मैथिली
✗ 3. सिंधी, तमिल और उर्दू
✗ 4. कन्नड़, तेलुगु और मराठी

www.govtjobsalert.in

Q.26 एक नया उत्परिवर्तन, प्लैज़्मोडियम फैल्सीपेरम (Plasmodium falciparum) को खंडजाणुओं (मीरोजॉइट) में परिपक्वन के बिना यकृत से बाहर निकलने की सुविधा देता है। इसका तात्कालिक परिणाम क्या होगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✔ 1. RBC संविदार की अनुपस्थिति और नैदानिक लक्षणों में कमी
- ✘ 2. रोग की गंभीरता में वृद्धि
- ✘ 3. ऐल्वियोली (alveoli) का प्रत्यक्ष संक्रमण
- ✘ 4. तत्काल प्रतिरक्षा अनुक्रिया और समाशोधन

Q.27 एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का अनुपात 10 : 17 : 14 है, तथा इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1096 $cm^2$ है। घनाभ की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 1
- ✔ 2. 10
- ✘ 3. 17
- ✘ 4. 5

Q.28 कविश अपनी कक्षा में शीर्ष से 38वें स्थान पर तथा नीचे से 15वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✔ 1. 52
- ✘ 2. 50
- ✘ 3. 53
- ✘ 4. 51

Q.29 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

401 400 397 392 385 ?

Ans
- ✘ 1. 374
- ✘ 2. 372
- ✔ 3. 376
- ✘ 4. 375

Q.30 F, G, H, I, J, K और X एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, F के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। H के बाईं ओर से गिनती करने पर H और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। I, K के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। K के बाईं ओर से गिनती करने पर J और K के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ 1. चार
- ✘ 2. एक
- ✘ 3. तीन
- ✔ 4. दो

Q.31 एक आदमी ने 8 शर्ट ₹550 प्रति शर्ट, 10 पैंट ₹1,000 प्रति पैंट और 12 जोड़ी जूते ₹850 प्रति जोड़ी की दर से खरीदे। प्रति वस्तु औसत व्यय कितना है?

Ans
- ✘ 1. ₹826
- ✘ 2. ₹836
- ✔ 3. ₹820
- ✘ 4. ₹840

www.govtjobsalert.in

Q.32 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
F और D जिन तलों पर रहते हैं, उनका गुणनफल 15 है। E, C के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। A और D जिन तलों पर रहते हैं, उनका योगफल 7 है।
A और E जिन तलों पर रहते हैं, उनका योगफल कितना है?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 6
✘ 2. 8
✘ 3. 5
✘ 4. 7

Q.33 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KF-MH-OQ
ID-KF-MO

Ans ✘ 1. HB-ID-KN
✔ 2. GB-ID-KM
✘ 3. GB-ID-KN
✘ 4. HB-IC-KN

Q.34 यदि 30 cm ऊँचाई वाले एक लम्ब वृत्तीय शंकु का आयतन $160\pi$ $cm^3$ है, तो इसके आधार का व्यास ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. 7 cm
✘ 2. 16 cm
✘ 3. 13 cm
✔ 4. 8 cm

Q.35 पुरुष भांगड़ा के महिला समकक्ष को ______ कहा जाता है।

Ans ✘ 1. गरबा
✘ 2. घूमर
✔ 3. गिद्दा
✘ 4. कालबेलिया

Q.36 मार्च 2025 में, किस स्वास्थ्य उपलब्धि के स्मरण में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया?

Ans ✘ 1. राष्ट्रीय वैक्स मिशन
✘ 2. कोविड वैक्सीन के लॉन्च
✘ 3. पोलियो उन्मूलन अभियान
✔ 4. पल्स पोलियो की पहली खुराक

Q.37 जापान के ओसाका में एक्सपो 2025 की थीम क्या थी?

Ans ✘ 1. फीडिंग द प्लानेट, एनर्जी फॉर लाइफ (Feeding the Planet, Energy for Life)
✘ 2. कनेक्टिंग माइंड्स, क्रिएटिंग द फ्यूचर (Connecting Minds, Creating the Future)
✘ 3. बेटर सिटी, बेटर लाइफ (Better City, Better Life)
✔ 4. डिजाइनिंग फ्यूचर सोसाइटी फॉर अवर लाइव्स (Designing Future Society for Our Lives)

Q.38 M, N, O, P, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। N के ऊपर केवल M रहता है। Z, N के ठीक नीचे रहता है। O के नीचे केवल P रहता है। तल क्रमांक 3 पर कौन रहता है?

Ans ✘ 1. M
✘ 2. O
✘ 3. Z
✔ 4. Y

www.govtjobsalert.in

Q.39 भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक, वर्ष 2025 में अपनी 90वीं वर्षगांठ मनाएगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. भारतीय रिजर्व बैंक
✘ 2. भारतीय स्टेट बैंक
✘ 3. पंजाब नेशनल बैंक
✘ 4. इंडियन बैंक

Q.40 किस भारतीय संविधान संशोधन अधिनियम ने राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में कोई संशोधन नहीं किया है?

Ans
✔ 1. 48वां संशोधन अधिनियम
✘ 2. 97वां संशोधन अधिनियम
✘ 3. 42वां संशोधन अधिनियम
✘ 4. 86वां संशोधन अधिनियम

Q.41 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. RK - JH
✘ 2. PS - MP
✘ 3. GJ - DG
✘ 4. EH - BE

Q.42 राज्य सहकारी समिति अधिनियमों में परिवर्तन क्यों किया गया?

Ans
✘ 1. समितियों की सीमित संख्या
✔ 2. कार्यपद्धति की खराब गुणवत्ता
✘ 3. राजनीतिक हित
✘ 4. करों में वृद्धि

Q.43 X, $A^2$ के अनुक्रमानुपाती है और A, Y के व्युत्क्रमानुपाती है। यदि Y का मान 6 होने पर X का मान 97 होता है, तो Y का मान 2 होने पर X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 875
✘ 2. 872
✘ 3. 871
✔ 4. 873

Q.44 2025 तक भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का विकास करने के लिए लक्षित लंबाई कितनी है?

Ans
✘ 1. 1 लाख किलोमीटर
✘ 2. 1.5 लाख किलोमीटर
✘ 3. 2.5 लाख किलोमीटर
✔ 4. 2 लाख किलोमीटर

Q.45 प्रकेश बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✔ 1. 2 km, पश्चिम की ओर
✘ 2. 2 km, पूर्व की ओर
✘ 3. 3 km, पश्चिम की ओर
✘ 4. 1 km, पश्चिम की ओर

www.govtjobsalert.in

Q.46 अंडमान द्वीप समूह में अपने घर को संदर्भित करने के लिए जारवा जनजाति किस नाम का उपयोग करती है?

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. चड्डास (Chaddhas)
✘ 2. रंगबैंग (Rangbang)
✘ 3. गिटिओरा (Gitiora)
✘ 4. मोरंग (Morung)

Q.47 अधिकांश आधुनिक ऑपरेटिंग सिस्टम में Alt + Tab का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
✘ 1. टास्क मैनेजर को सीधे ओपन करना
✔ 2. खुले हुए एप्लीकेशन्स के बीच स्विच करना
✘ 3. वर्तमान एप्लीकेशन में एक नया टैब खोलना
✘ 4. एक्टिव विंडो को मिनिमाइज़ करना

Q.48 प्रेक्षणों 79, 92, 39, 57, 91, 28, 74, 90 और 44 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 61
✔ 2. 66
✘ 3. 71
✘ 4. 59

Q.49 भारत में पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत की प्राथमिक भूमिका क्या है?

Ans
✘ 1. प्रांतीय चुनाव आयोजित करना, चुनाव आयोग की सहायता करना
✘ 2. शहरी अवसंरचना का प्रबंधन करना
✔ 3. ग्राम स्वशासन के कार्यकारी निकाय के रूप में कार्य करना
✘ 4. स्थानीय विवादों के लिए न्यायिक मंच के रूप में कार्य करना

Q.50 MS वर्ड में, कौन सा कमांड उपयोगकर्ताओं को टेक्स्ट के चयनित ब्लॉक की कॉपी बनाने और कॉपी को उसी डाक्युमेंट या किसी अन्य डाक्युमेंट में एक अलग स्थान पर रखने की सुविधा देता है?

Ans
✘ 1. Paste Special
✔ 2. Copy और Paste
✘ 3. Cut
✘ 4. Drag और Drop

Q.51 एक म्यूजिक सेट की मूल कीमत ₹8,000 है। उसकी कीमत में 12% की कमी की गई और फिर 25% की वृद्धि की गई। इसकी नई कीमत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 8,100
✘ 2. 9,300
✘ 3. 8,300
✔ 4. 8,800

www.govtjobsalert.in

Q.52 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

www.govtjobsalert.in

कथनः
सभी जैम, बैंड हैं।
सभी बैंड, बोरे हैं।
कोई भी बोरा, कैन नहीं है।

निष्कर्षः
(I) कोई भी जैम, कैन नहीं है।
(II) कुछ बोरे, जैम हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✔
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.53 A, B और C का औसत वजन 45 kg है। यदि A और B का औसत वजन 40 kg है तथा B और C का औसत वजन 42 kg है, तो B का वजन (kg में) .................... है।

Ans
1. 29 ✔
2. 44
3. 19
4. 39

Q.54 54 km की दूरी तय करते समय, एक व्यक्ति ने देखा कि 1 घंटा 15 मिनट तक साइकिल चलाने के बाद, उसके द्वारा तय की गई दूरी, शेष दूरी की $\frac{7}{9}$ थी। उसकी चाल (km/hr में) कितनी थी?

Ans
1. 18.7
2. 18.9 ✔
3. 19.5
4. 19.9

Q.55 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक | 14 | 26 | 44 | 61 | 84 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 91 | 78 | 95 | 36 | 98 |

Ans
1. 46
2. 54
3. 45 ✔
4. 69

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-से कथन 2024 के जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणामों को सटीक रूप से दर्शाते हैं?

1. कांग्रेस-जेकेएनसी गठबंधन ने 48 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया।
2. भाजपा 29 सीटों के साथ सबसे बड़ी एकल पार्टी बनकर उभरी।
3. हाल ही में, संपन्न हुए लोकसभा चुनाव की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाते हुए, 63.88% मतदान दर्ज किया गया।
4. नव निर्वाचित विधानसभा के पास अन्य भारतीय राज्यों के समान पूर्ण विधायी शक्तियाँ होती हैं।

Ans
1. केवल 2 और 4
2. केवल 1, 2 और 3
3. केवल 1, 3 और 4
4. केवल 1 और 3 ✔

www.govtjobsalert.in

Q.57 राकेश ₹5,000 की राशि और शिवम ₹9,000 की राशि, वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर निवेश करते हैं। यदि 3 वर्ष के अंत में, शिवम को राकेश से ₹360 अधिक ब्याज मिलता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. 3%
✘ 2. 2%
✘ 3. 1%
✘ 4. 5%

Q.58 A, दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक 8 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 24 दिनों में कर सकता है। C की सहायता से वे उस कार्य को 3 दिनों में कर सकते हैं। C अकेले उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
✘ 1. 9 दिन
✘ 2. 8 दिन
✔ 3. 6 दिन
✘ 4. 7 दिन

Q.59 ऋषि के पास ₹1,612 हैं। उन्होंने इसे अपने बेटों शान और पीयूष में बांट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 8% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि शान और पीयूष को क्रमशः 19 और 20 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। ऋषि ने शान को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans
✘ 1. ₹875
✔ 2. ₹837
✘ 3. ₹775
✘ 4. ₹687

Q.60 एक सम बहुभुज के लिए, अंतः कोणों का योगफल उसके बाह्य कोणों के योगफल से 250% अधिक है। बहुभुज के प्रत्येक अंतः कोण की माप x° है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 140
✘ 2. 120
✘ 3. 145
✘ 4. 150

Q.61 एक दुकानदार ने अपने सामान पर क्रय मूल्य से X% अधिक मूल्य अंकित किया तथा उसे 10% की छूट पर बेच दिया। यदि उसे 71% का लाभ हुआ, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 92
✔ 2. 90
✘ 3. 91
✘ 4. 89

Q.62 F, G का भाई है।
G, H का पति है।
H, I की पुत्री है।
I, J की पत्नी है।
F का J से क्या संबंध है?

Ans
✘ 1. पुत्री के पति का पिता
✘ 2. पिता
✘ 3. भाई
✔ 4. पुत्री के पति का भाई

www.govtjobsalert.in

Q.63 यदि $x - \frac{1}{x} = 3$ है, तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 119
2. 196
3. 176
4. 19

Q.64 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(33, 429, 13)
(44, 220, 5)

Ans
1. (20, 363, 18)
2. (43, 903, 21)
3. (4, 23, 5)
4. (30, 363, 12)

Q.65 नए जोड़े गए क्षेत्रों (territories) में लोगों की नागरिकता का निर्णय कौन-सा प्राधिकरण करता है?

Ans
1. सर्वोच्च न्यायालय
2. निर्वाचन आयोग
3. राज्य सरकार
4. केंद्र सरकार

Q.66 संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट सीधे तालिका में दिए गए अनुसार दिए जाने चाहिए।

| संख्या/प्रतीक | 8 | 9 | @ | & | 5 | 7 | 2 | % | 1 | 3 | Δ | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | L | C | Z | N | D | W | A | P | R | T | F | B | K |

शर्तें:
(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घट) के कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
7 6 @ 1 3 &

Ans
1. W K Z R T W
2. N K Z R T N
3. W K R Z T N
4. W K Z R T N

Q.67 पहाड़ी क्षेत्रों में ढलानों को सीढ़ीनुमा काटकर, किस प्रकार की खेती की जाती है?

Ans
1. विस्तीर्ण खेती
2. मिश्रित खेती
3. वेदिका खेती
4. आर्द्रभूमि खेती

www.govtjobsalert.in

Q.68 यदि '-' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '+' है और '+' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

www.govtjobsalert.in

5 × 39 ÷ 1407 − 3 + 11562 = ?

Ans
1. 6734 ✔
2. 3426 ✘
3. 1120 ✘
4. 9074 ✘

Q.69 जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025 में कौन-सा देश समग्र रूप से सर्वोच्च स्थान पर है?

Ans
1. स्वीडन ✘
2. डेनमार्क ✔
3. फ्रांस ✘
4. जर्मनी ✘

Q.70 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : QVR :: CHD : %

Ans
1. # = LQM, % = HMI ✔
2. # = PMM, % = JUY ✘
3. # = LJM, % = NHG ✘
4. # = GYT, % = NYU ✘

Q.71 फ़ाइलों को व्यवस्थित करते समय सबफ़ोल्डर्स बनाने का क्या उद्देश्य है?

Ans
1. फ़ाइल का आकार कम करना ✘
2. बेहतर प्रबंधन के लिए संबंधित फ़ाइलों को एक साथ समूहीकृत करना ✔
3. क्लाउड में फ़ाइलों का स्वचालित रूप से बैकअप लेना ✘
4. फ़ाइल एक्सटेंशन बदलना ✘

Q.72 बबीता एक निश्चित दूरी 11 km/hr की चाल से तय करती है और पहले की दूरी की दोगुनी दूरी 44 km/hr की चाल से तय करती है। फिर वह उसी मार्ग से आरंभिक बिंदु पर लौटती है। यदि पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल 34 km/hr है, तो वापसी यात्रा के लिए उसकी चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
1. 76.8 ✘
2. 70 ✘
3. 79 ✘
4. 74.8 ✔

Q.73 चुआर विद्रोह, जो साधारण किसानों और वंशानुगत श्रमिकों की आर्थिक शिकायतों की परिणति के रूप में उभरा, निम्नलिखित में से किस वर्ष के दौरान अपने चरम पर पहुंच गया था?

Ans
1. 1857-58 ✘
2. 1798-99 ✔
3. 1901-02 ✘
4. 1710-11 ✘

Q.74 कृत्रिम रूप से उत्पादित तत्वों के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

Ans
1. वे अल्पकालिक होते हैं। ✔
2. वे तालिका के सभी समूहों में पाए जाते हैं। ✘
3. वे प्राकृतिक तत्वों की तरह स्थिर होते हैं। ✘
4. वे दीर्घजीवी होते हैं। ✘

www.govtjobsalert.in

Q.75 2025 के प्रदर्शन के दौरान, DRDO के DEW Mk-II(A) द्वारा किस प्रकार के ड्रोन को सफलतापूर्वक नष्ट किया गया?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. फिक्स्ड-विंग यूएवी और स्वार्म ड्रोन ✔
2. हेलीकॉप्टर ड्रोन ✘
3. अंडरवाटर ड्रोन ✘
4. रेसिंग ड्रोन ✘

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. QS - OQ ✘
2. CG - LP ✔
3. SU - QS ✘
4. MO - KM ✘

Q.77 यदि संख्या 5673128 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायें से तीसरे अंक तथा दायें से दूसरे अंक के मध्य क्या अंतर होगा?

Ans
1. 7 ✘
2. 6 ✘
3. 8 ✔
4. 9 ✘

Q.78 मार्च 2025 में, नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को उनके अंतरिक्ष मिशन से स्पेसX कैप्सूल पर सवार करके पृथ्वी पर वापस लाया गया। उन्होंने अंतरिक्ष में कितना समय बिताया था?

Ans
1. 578 दिन ✘
2. 608 दिन ✔
3. 212 दिन ✘
4. 502 दिन ✘

Q.79 $17^3 - 10^2 + \left(\frac{26}{13}\right)^2 - 12 + 20 \times 12$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 5046 ✘
2. 5045 ✔
3. 5040 ✘
4. 5055 ✘

Q.80 एक निश्चित कूट भाषा में, 'how are you' को 'jp zl rc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'are they coming' को 'zl qn bt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'are' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. jp ✘
2. bt ✘
3. qn ✘
4. zl ✔

Q.81 दिए गए विकल्पों में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : QYE :: BHP : %

Ans
1. # = RNF, % = WKK ✘
2. # = LBZ, % = GEU ✔
3. # = WKK, % = LBZ ✘
4. # = GEU, % = RNF ✘

www.govtjobsalert.in

Q.82 पानी की एक टंकी को समान क्षमता के 23 पाइपों का उपयोग करके 29 मिनट में भरा जा सकता है। यदि हम बताए गए समान क्षमता के 47 पाइपों का उपयोग करते हैं, तो पानी की टंकी कितने मिनट (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) में भर जाएगी?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 21.97
2. 17.43
3. 14.19
4. 24.44

Q.83 कुछ कंचों को चार बॉक्सों A, B, C और D में 6 : 3 : 7 : 5 के अनुपात में पैक किया जाना है। यदि बॉक्स B में बॉक्स D से 400 कंचे कम हैं, तो सभी बॉक्सों में कुल कितने कंचे हैं?

Ans
1. 4100
2. 4000
3. 4200
4. 3900

Q.84 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

BAIL - ALIB - LIAB
DEAF - EFAD - FAED

Ans
1. MEAN - MAEN - NAEM
2. GOLD - ODLG - LGOD
3. LEAN - ELAN - NEAL
4. BOLD - ODLB - DLOB

Q.85 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 4 6 & 8 $ 7 & 3 9 # % 4 6 @ £ 5 Ω 9 # 1 * 7 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक अन्य संख्या है?

Ans
1. चार
2. तीन
3. एक
4. दो

Q.86 नवंबर 2024 में, आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाया गया?

Ans
1. आदिवासी स्वतंत्रता दिवस
2. वनवासी दिवस
3. आदिवासी स्वाभिमान दिवस
4. जनजातीय गौरव दिवस

Q.87 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के दाईं ओर से गिनने पर P और V के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। V और U के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R और U के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। T और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S के बाईं ओर से गिनने पर S और P के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 0
2. 2
3. 3
4. 5

www.govtjobsalert.in

Q.88 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

www.govtjobsalert.in

(बाएं) 7 * £ 5 8 $ 7 3 * 9 & % 4 6 @ 9 # 1 & 3 Ω (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans
✔ 1. दो
✘ 2. तीन
✘ 3. चार
✘ 4. एक

Q.89 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

36 ÷ 15 − 175 × 5 + 11 =?

Ans
✔ 1. 564
✘ 2. 484
✘ 3. 464
✘ 4. 524

Q.90 2025 की शुरुआत में, ऑन्कोसर्सियासिस (रिवर ब्लाइंडनेस) को समाप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा देश, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा मान्यता प्राप्त करने वाला अफ्रीका का प्रथम देश बना?

Ans
✔ 1. नाइजर (Niger)
✘ 2. इटली (Italy)
✘ 3. दक्षिण अफ्रीका (South Africa)
✘ 4. बोत्सवाना (Botswana)

Q.91 निम्नलिखित में से कौन-सा भारत सरकार की अवसंरचना पहलों के अंतर्गत योजनाबद्ध औद्योगिक गलियारा नहीं है?

Ans
✘ 1. दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा
✘ 2. चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारा
✔ 3. कोलकाता-लखनऊ औद्योगिक गलियारा
✘ 4. विजाग-चेन्नई औद्योगिक गलियारा

Q.92 अंडमान और निकोबार प्रशासन के अनुसार, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कुल कितने द्वीप/उपद्वीप/चट्टानी दृश्यांश हैं?

Ans
✘ 1. 612
✘ 2. 742
✔ 3. 836
✘ 4. 1002

Q.93 मार्च 2025 में, नीति (NITI) आयोग ने 'फ्यूचर फ्रंट: क्वार्टरली फ्रंटियर टेक इनसाइट्स' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट का मुख्य फोकस क्या है?

Ans
✘ 1. राज्य द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा
✔ 2. क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों में प्रगति और निवेश का मूल्यांकन
✘ 3. तटीय क्षेत्रों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का विश्लेषण
✘ 4. भारत की कृषि उत्पादकता प्रवृत्तियों का आकलन

Q.94 MS वर्ड में, कौन सा फीचर उपयोगकर्ताओं को डाक्युमेंट के मार्जिन को सेट करने की सुविधा देता है, जो टेक्स्ट और पेज के किनारों के बीच की जगह को प्रभावित करता है?

Ans
✘ 1. पेज बॉर्डर
✘ 2. पेज लेआउट
✘ 3. पेज साइज
✔ 4. मार्जिन

www.govtjobsalert.in

Q.95 3 + $\tan^2 \phi$ + $\cot^2 \phi$ − $\sec^2 \phi$ $\operatorname{cosec}^2 \phi$ का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 2
✘ 3. −1
✘ 4. 0

Q.96 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

NTZ LRX JPV HNT ?

Ans
✔ 1. FLR
✘ 2. RFL
✘ 3. FRL
✘ 4. RLF

Q.97 एक व्यक्ति अपनी आय का 40% बचाता है। यदि उसका व्यय ₹960 है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
✔ 1. 1,600
✘ 2. 384
✘ 3. 1,640
✘ 4. 576

Q.98 यदि माल ₹450 में खरीदा गया और $\frac{1}{3}$ माल 10% की हानि पर बेचा गया, तो पूरे लेन-देन पर 20% का लाभ प्राप्त करने के लिए शेष माल को कितने प्रतिशत लाभ पर बेचा जाना चाहिए?

Ans
✘ 1. 32%
✘ 2. 26%
✘ 3. 28%
✔ 4. 35%

Q.99 सीमा और दर्शन की आय का अनुपात 7 : 8 है। वे क्रमशः ₹15,000 और ₹9,000 की बचत करते हैं। यदि उनके व्यय का अनुपात 11 : 16 है, तो सीमा और दर्शन का कुल व्यय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 63,000
✘ 2. 68,000
✘ 3. 64,000
✔ 4. 64,125

Q.100 8.27272... का तुल्य भिन्न ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $\frac{84}{17}$
✘ 2. $\frac{83}{12}$
✘ 3. $\frac{89}{8}$
✔ 4. $\frac{91}{11}$

www.govtjobsalert.in